STD - V
व्याकरण
Ch- 8 क्रिया

(Wednesday) Date 1 12 21

1-(क) क्रिया किसे कहते हैं? उसके कितने भेद होते हैं?
A- जिन शब्दों से किसी कार्य के करने या होने का बोध होता है, उन्हें क्रिया कहते हैं। क्रिया के दो भेद हैं।

(ख) अकर्मक क्रिया व सकर्मक क्रिया में क्या अंतर है?
A- सकर्मक क्रिया को कर्म की आवश्यकता होती है।
अकर्मक क्रिया को कर्म की आवश्यकता नहीं होती है।
सकर्मक क्रिया का फल कर्म पर पड़ता है।
अकर्मक क्रिया का फल कर्ता पर पड़ता है।
जब वाक्य में क्रिया शब्द से पहले क्या, किसे, किसको प्रश्न करने पर उसका उत्तर मिल सके तो वो सकर्मक क्रिया होती है और जब इन प्रश्नों के उत्तर प्राप्त न हो तो वो वाक्य अकर्मक क्रिया होती है।

(ग) एककर्मक क्रिया व द्विकर्मक क्रिया में क्या अंतर है?
A- जिन क्रिया का अर्थ एक कर्म से होता है उन्हें एककर्मक क्रिया कहते हैं। उदाहरण - सीता क्या बनाती है?
उत्तर - खाना (कर्म)
जिन क्रिया का अर्थ दो कर्म से होता है उन्हें द्विकर्मक क्रिया कहते हैं।
उदाहरण - लता ने उसे चित्र दिखाया?
उत्तर - इसमें चित्र (कर्म) है।

- जि... क्रिया कहते हैं।
- क्रिया के दो भेद होते हैं- सकर्मक क्रिया व अकर्मक क्रिया।
- जिस क्रिया शब्द में कर्म की अपेक्षा होती है, उसे सकर्मक क्रिया कहते हैं।
- सकर्मक क्रिया के दो भेद होते हैं- एककर्मक क्रिया व द्विकर्मक क्रिया।
- जिस क्रिया शब्द में कर्म की अपेक्षा नहीं होती, उसे अकर्मक क्रिया कहते हैं।

स्वमूल्यांकन

विषयनिष्ठ प्रश्न

1-12-21

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें—
   (क) क्रिया किसे कहते हैं? उसके कितने भेद होते हैं?
   (ख) अकर्मक क्रिया व सकर्मक क्रिया में क्या अंतर है?
   (ग) एककर्मक क्रिया व द्विकर्मक क्रिया में क्या अंतर है?
   (घ) धातु किसे कहते हैं? उदाहरण सहित समझाएँ।

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित क्रिया शब्दों से करें—
   (क) मोहन अभी ....सोकर.... उठा है।
   (ख) गाय रोटी ....खाई.... ।
   (ग) बच्चे मैदान में ....खेल.... रहे थे।
   (घ) दादा जी की बातें सुनकर मैं ....हँसने.... लगा।
   (ङ) निधि खाना ....खाकर.... विद्यालय गई।

3. निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया के भेद (अकर्मक/सकर्मक क्रिया) का नाम लिखें—
   (क) टीटू सेब खाता है। ....सकर्मक....
   (ख) पत्ता गिरता है। ....अकर्मक....
   (ग) खरगोश दौड़ रहा है। ....अकर्मक....
   (घ) माँ पत्र लिख रही है। ....सकर्मक....
   (ङ) बालक पढ़ रहा है। ....अकर्मक....
   (च) दादा जी ने रमेश को पढ़ाया। ....सकर्मक....

(छ) मिताली हँस रही है। .... अकर्मक ....

(ज) निपुण तैरता है। .... अकर्मक ....

(झ) माली आम तोड़ता है। .... सकर्मक ....

(ञ) सुरेंद्र सो रहा है। .... अकर्मक ....

4. वाक्यों में क्रिया शब्दों को शुद्ध करके लिखें—

(क) कितने बंदर बैठा है। .... कितने बंदर बैठे हैं ....

(ख) अकेला भालू खड़े हैं। .... अकेला भालू खड़ा है ....

(ग) लड़कियाँ गीत गा रहा है। .... लड़कियाँ गीत गा रही है ....

(घ) लड़के दूध पी रही हैं। .... लड़के दूध पी रहे हैं ....

(ङ) कुत्ते भौंक रहा है। .... कुत्ते भौंक रहे हैं ....

(च) चौकीदार ने घंटी बजाया। .... चौकिदार ने घंटी बजाई ....

5. बहुवैकल्पिक प्रश्नों के सही उत्तर पर सही (✓) का निशान लगाएँ—

(क) वह शब्द जिससे किसी कार्य के करने अथवा होने का बोध हो, उसे कहते हैं—

(अ) कर्म ☐ (ब) क्रिया ☑

(स) क्रियाविशेषण ☐ (द) इनमें से कोई नहीं ☐

(ख) निम्नलिखित में क्रिया के भेद हैं—

(अ) सकर्मक क्रिया ☐ (ब) अकर्मक क्रिया ☐

(स) दोनों (अ) और (ब) ☑ (द) इनमें से कोई नहीं ☐

(ग) निम्नलिखित में सकर्मक क्रिया के भेद हैं—

(अ) एककर्मक क्रिया ☐ (ब) द्विकर्मक क्रिया ☐

(स) दोनों (अ) और (ब) ☑ (द) इनमें से कोई नहीं ☐

(घ) 'राम खाना खाता है' में कौन-सी क्रिया है?

(अ) सकर्मक क्रिया ☑ (ब) अकर्मक क्रिया ☐

(स) द्विकर्मक क्रिया ☐ (द) इनमें से कोई नहीं ☐

(ङ) 'कविता ने कविता सुनाई' क्रिया बताइए।

(अ) एककर्मक क्रिया ☑ (ब) द्विकर्मक क्रिया ☐

(स) त्रिकर्मक क्रिया ☐ (द) इनमें से कोई नहीं ☐